Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to provide basic facilities and pension facilities to worker working in unorganized sector.

श्री ओम बिरला (कोटा) :माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इस देश की 125 करोड़ आबादी में से 48 करोड़ असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मज़दूर हैं।इनमें से 40 करोड़ ऐसे मज़दूर हैं, जिनका न्यूनतम मज़दूरी से कोई संबंध नहीं है। ये मज़दूर फुटपाथ पर रहकर डेली वेजेज़ पर काम करते हैं। ये मज़दूर बदतर ज़िंदगी जीते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है कि ऐसे असंगठित क्षेत्रों के मज़दूरों के लिए एक सामाजिक सुरक्षा कवच का कानून बनाना चाहिए, ताकि इन मज़दूरों को चिकित्सा व्यवस्था मिल सके, अपंग-विकलांग होने की स्थिति में उनको पेंशन मिल सके, अयोग्य होने की स्थिति में उनको ज़िंदगी भर पेंशन मिल सके। वह मज़दूर महिला, जो प्रसूति होने के सात दिनों के बाद काम पर चली जाती है, ऐसी महिलाओं की चिंता करते हुए, सरकार कम से कम से उनको सात सप्ताह का निर्धारित वेतन देने का काम करे ।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरी सरकार से मांग है कि वह असंगठित क्षेत्र के इन मज़दूरों का डेटा बनाए। उन मज़दूरों का जो कार्य स्थल है, जहां वे अपने गांवों से शहरों में मज़दूरी करने आते हैं, उन मज़दूरों के लिए ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं होती, उनके पास मूलभूत सुविधाओं का अभाव रहता है।

मेरी सरकार से मांग है कि असंगठित क्षेत्र के ऐसे मज़दूरों के लिए, जिनका न्यूनतम मज़दूरी से कोई संबंध नहीं होता, उनके लिए सामाजिक सुरक्षा की एक योजना बनाई जाए, ताकि उनको निर्धारित पेंशन, चिकित्सा व्यवस्था एवं तमाम अन्य सुविधाएं मिल सकें, ताकि वे मज़दूर ठीक से अपना जीवन जी सकें। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra, Dr. Manoj Rajoria and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Om Birla.